The allocation of funds to an Insti-tute like JUPMER however, depends upon the absorption capacity of the Institute, trend of past expenditure and availability of resources.

मुंगेर जिले में टेलीफोन केन्द्र

123. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या संचार मंत्री 11 मार्च, 1987 को राज्य सभा में दिए गए अतारांकित प्रश्न 1757 के उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस बात को दृष्टि में रखते हुए कि मुंगेर किसी समय राजधानी (मौर्य कालिम के काल में) थी और इस समय भी यहां, रेलवे कारखाना, जमालपुर, सिगरेट कारखाना जोकि विश्व के सबसे बड़े कारखानों में से एक है और बंदूक कारखाना जैसे बड़े कारखाने हैं, इसे टेलीफोन जिला मुख्यालय बनाने और भागलपुर या राज्य के अन्य शहर से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन था ;

(ख) क्या यह सच है कि हालांकि मुंगेर एक छोटा शहर है फिर भी इसे एस०टी०डी० प्रणाली से जोड़े जाने से इस क्षेत्र के विकास की संभावनाएं काफी अधिक हैं ; और

(ग) इसे एस०टी०डी० प्रणाली से न जोड़े जाने के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) जी नहीं. मुंगेर को दूरसंचार जिले का मुख्यालय बनाए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि मुंगेर सेकेंडरी स्विचिंग क्षेत्र के वर्तमान कार्यभार के आधार पर अलग दूरसंचार जिला बनाने का औचित्य नहीं बनता। मुंगेर एस०एस०ए०, को भागलपुर एस० एस० ए० के साथ मिलाया गया है तथा फिलहाल इसे दूरसंचार जिला इंजीनियर भागलपुर के अधीन रखा गया है। यह व्यवस्था उस समय तक बनी रहेगी जब तक कि मुंगेर का कार्यभार निर्धारित स्तर तक नहीं पहुंच जाता जिसके आधार पर स्वतंत्र रूप से जिले का सृजन किया जाता है।

(ख) बरियारपुर केवल 25 लाइनों की क्षमता का एक छोटा आटोमैटिक एक्सचेंज है जिसमें 12 चालू कनेक्शन हैं तथा यहां का ट्रंक ट्रैफिक इतना कम है कि उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग शुरू करने का औचित्य सिद्ध नहीं होता।

(ग) इन दोनों क्षेत्रों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सभी प्रकार के दूरसंचार विकास-क आवश्यकतायें सातवीं योजना अवधि के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों के अनुसार ही पूरी की जा रही हैं।

Raising the monetary limit of National Scholarships

124. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government contemplate to raise the monetary limit of the National Scholarships, matching with the rise in the pay-scales of teachers and Government employees because of the rise in the price index; and

(b) if so, what are the details thereof and if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) and (b) The question of raising the income limit under the National Scholarship Schemes is under consideration. The details are being finalized.

Capacity utilisations of *Cochin* Shipyard

125. SHRI PRAMOD MAHAJAN: SHRI ASHWANI KUMAR; Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the average capacity utilisationof Cochin Shipyard during the SixthFive Year Plan period and what werethe average idle "man-hours in that period; and